आराजी में से होकर किस रूट से होकर कितनी चौडाई का **<u>लघुत्तम मार्ग</u>** रास्ता का अनुतोष स्वीकार किया जाना है।

8. इस प्रकार राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 की धारा 251–क के तहत आरोपित तीसरी शर्त के अनुसार नवीन रास्ते हेतु लघुत्तम मार्ग का विकल्प पर विचार किया जाना आवश्यक है। प्रकरण में प्रार्थीनी द्वारा प्रार्थीनी की खातेदारी आराजी 559 / 4.4434 है0 वाके ग्राम नगर में पहुँच के प्रयोजन के लिए मौके पर प्रस्तावित मार्ग हेतु अप्रार्थीगण की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 560 वाके ग्राम नगर में रिकॉर्डेड रास्ते का अभाव है। अतः प्रार्थीनी द्वारा अप्रार्थीगण की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 560 वाके ग्राम नगर के पूर्वी भाग से होकर नवीन रिकॉर्डेड रास्ता हेतु निवेदन किया है। साथ ही प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी की शामिल मिसल रिपोर्ट दिनांक 09.05.2024 द्वारा अप्रार्थीगण की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 560 वाके ग्राम नगर से होकर लघुत्तम मार्ग को प्रस्तावित किया गया है। अप्रार्थी का अभिकथन है कि प्रार्थी की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 559 तक पहुंच हेतु एक अन्य वैकल्पिक रास्ता दूसरे राजसव गांव भीलों की बस्ती से होकर उपलब्ध है। प्रकरण में अप्रार्थी द्वारा प्रस्तावित वैकल्पिक रास्ता के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अप्रार्थी द्वारा प्रस्तावित वैकल्पिक रास्ता दूसरे राजस्व गांव से काफी लम्बी दूरी से चालू है। जो कि प्रकरण में व्यावहारिक प्रतीत नहीं होता है।

9. इस प्रकार तहसीलदार गुड़ामालानी की शामिल मिसल रिपोर्ट दिनांक 09.05.2024 के अवलोकन अनुसार प्रार्थीनी द्वारा आवेदित तथा तहसीलदार गुड़ामालानी की शामिल मिसल रिपोर्ट दिनांक 09.05.2024 में अंकित रास्ता का मार्ग ही लघुत्तम मार्ग प्रतीत होता है। अतः राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 की धारा 251–क के तहत आरोपित तीसरी शर्त के अनुसार नवीन रास्ते हेतु लघुत्तम मार्ग का विकल्प मुताबिक तहसीलदार गुड़ामालानी की शामिल मिसल रिपोर्ट दिनांक 09.05.2024 द्वारा प्रस्तावित मार्ग का विकल्प को स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

10. उक्त प्रकरण में राजस्थान काश्तकारी अधिनियम–1955 की धारा 251–क के विधिक प्रावधानों के सन्दर्भ में प्रार्थीगण हेतु रास्ते की अत्यान्तिक आवश्यकता एवं वैकल्पिक रिकार्डेड रास्ते हेतु अनुपलब्धता एवं तहसीलदार गुड़ामालानी की शामिल मिसल रिपोर्ट दिनांक 09.05.2024 को प्रेषित की गई मौका जॉच रिपोर्ट मय नजरी नक्शा के आधार पर प्रार्थीनी का प्रार्थना पत्र राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251–क काबिल–ऐ स्वीकार है। अतः तहसीलदार गुड़ामालानी की शामिल मिसल रिपोर्ट दिनांक 09.05.2024 की मौका जॉच रिपोर्ट मय नजरी नक्शा के अनुसार प्रस्ताव लघुत्तम मार्ग बतौर 30 फुट चौडा गैर मुमकिन रास्ता नियमानुसार भूमि एवं निर्माण, अगर कोई हो तो, की क्षतिपूर्ति राशि भुगतान तथा भूमि उपलब्ध करवाने के पश्चात् राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है। प्रार्थी उक्त नवीन रास्ते में समाहित हुई अप्रार्थीगणों की खातेदारी आराजी के बदले समान अवस्थिति पर समान रकबे व गुणवत्ता की भूमि उपलब्ध करवाने का विकल्प तहसीलदार गुड़ामालानी के समक्ष प्रस्तुत करे तथा अप्रार्थीगण अगर सहमत हो तो अप्रार्थीगणों को भूमि के बदले भूमि दर्ज रिकॉर्ड की जावे। अतः

***आदेश है कि***

*प्रार्थना पत्र राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251–क के अन्तर्गत प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र तहसीलदार गुड़ामालानी के दिनांक 09.05. 2024 को प्रेषित की गई मौका जॉच रिपोर्ट मय*

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.02.25 19:46:31 IST
Reason: SelfAttested

